हम पंछी उन्मुक्त गगन के

Question 1.
क्षितिज किसे कहते हैं?
(a) आकाश के अंतिम छोर को.
(b) जहाँ धरती-आकाश मिलते हुए दिखाई दे
(c) नदी के किनारे को
(d) समुद्र को

▼ Answer

Answer: (b) जहाँ धरती-आकाश मिलते हुए दिखाई दे

Question 2.
पक्षी अपना झूला कहाँ डालते हैं?
(a) घर की छत पर
(b) किताबों की अलमारी पर
(c) आकाश में
(d) पेड़ों की फुनगियों पर

▼ Answer

Answer: (d) पेड़ों की फुनगियों पर

Question 3.
कवि ने अनार के दाने किसे कहाँ है?
(a) चाँद को
(b) सूर्य को
(c) तारों को
(d) पेड़ के पत्तों को

▼ Answer

Answer: (c) तारों को

Question 4.
पक्षी हमें क्या संदेश देते हैं?
(a) आजाद रहने का
(b) बंधन में रहने का
(c) मस्त रहने का
(d) परिवार के पालन का

▼ Answer

Answer: (a) आजाद रहने का

Question 5.
पक्षी क्या चाहते हैं?

(a) आजादी
(b) अच्छा भोजन
(c) सोने की कटोरी में भोजन करना
(d) घर में रहना

▼ Answer

Answer: (a) आजादी

Question 6.
'कनक' का यहाँ क्या अर्थ है?
(a) सोना
(b) कटोरी
(c) लकडी
(d) गेहूँ

▼ Answer

Answer: (a) सोना

Question 7.
इस कविता में किनका वर्णन है?
(a) पशुओं का
(b) मनुष्य का
(c) पक्षियों का
(d) पर्वतों का

▼ Answer

Answer: (c) पक्षियों का

Question 8.
'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता किसके द्वारा लिखी गई है?
(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) शिवमंगल सिंह 'सुमन'
(c) शिवप्रसाद सिंह
(d) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

▼ Answer

Answer: (b) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक-तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे।

हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक-कटोरी की मैदा से।

स्वर्ण-श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।

Question 1.
पक्षी क्या चाहते हैं?
(a) पिंजरे में बंद होना
(b) आराम से बैठकर खाना
(c) बिना परिश्रम के भोजन प्राप्त करना
(d) स्वतंत्र रहकर जीना

▼ Answer

Answer: (d) स्वतंत्र रहकर जीना

Question 2.
पक्षी अपने लिए किस भोजन को उपयुक्त मानते हैं?
(a) सोने की कटोरी में रखे मैदा को
(b) हलवा-पूड़ी को
(c) नीम की कड़वी निबौरी को
(d) बिखरे हुए दानों को

▼ Answer

Answer: (c) नीम की कड़वी निबौरी को

Question 3.
पक्षी कैसे बंधन में पड़कर अपनी स्वाभाविकता भूल गए?
(a) स्वर्ण- श्रृंखला के बंधन में पड़कर
(b) पिंजरे में बंद होकर
(c) सोने की कटोरी में मैदा खाकर
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) स्वर्ण- श्रृंखला के बंधन में पड़कर

Question 4.
पक्षी सपनों में क्या देख रहे हैं?
(a) कि वे आज़ाद हो गए हैं
(b) कि वे पेड़ों की फुनगियों पर झूला झूल रहे हैं
(c) कि वे पिंजरे में कैद हैं
(d) उनको अच्छे-अच्छे पकवान मिल रहे हैं

▼ Answer

Answer: (b) कि वे पेड़ों की फुनगियों पर झूला झूल रहे हैं

Question 5.
पक्षियों के पंख क्यों टूट जाएँगे?
(a) पिंजरे में रहकर कमजोर होने के कारण
(b) पिंजरे से आजाद होने के लिए छटपटाने के कारण
(c) काफी दिन तक न उड़ने के कारण
(d) साल में एक बार पंख टूटते ही हैं

▼ Answer

Answer: (b) पिंजरे से आजाद होने के लिए छटपटाने के कारण

---

2. ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने,
लाल किरण-सी चांच खोल
चुगते तारक-अनार के दाने।

होती सीमाहीन क्षितिज से
इन पंखों की होड़ा-होड़ी।
या तो क्षितिज मिलन बन जाता
या तनती, साँसों की डोरी।

नीड़ न दो, चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,
ले किन पंखा दिए है तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।

Question 1.
कवि ने तारों को क्या कहाँ है?
(a) अनार के दाने
(b) बिजली के बल्ब
(c) पेड़ पर लगे फल
(d) बिखरे हुए मोती.

▼ Answer

Answer: (a) अनार के दाने

Question 2.
पक्षियों ने अपनी चोंच की तुलना किससे की है?
(a) चन्द्रमा के प्रकाश जैसा
(b) तारों की झिलमिलाहट जैसा
(c) सूर्य की लाल किरणों जैसा
(d) पेड़ के कोमल पत्ते जैसा

▼ Answer

Answer: (c) सूर्य की लाल किरणों जैसा

Question 3.
आकाश में उड़कर पक्षी क्या चाहते हैं?
(a) पूरे आकाश का चक्कर लगाना
(b) सीमाहीन क्षितिज को पाना
(c) लगातार उड़ना चाहते हैं
(d) अपने लिए भोजन जुटाना चाहते हैं

▼ Answer

Answer: (b) सीमाहीन क्षितिज को पाना

Question 4.
पक्षी मनुष्य से क्या निवेदन करता है?
(a) हमें टहनी का आश्रय दे दो
(b) हमें अपने घोंसले में रहने दो
(c) हमारे पंखों को मत तोड़ो
(d) हमें स्वंतत्र होकर उड़ने दो

▼ Answer

Answer: (d) हमें स्वंतत्र होकर उड़ने दो

Question 5.
पक्षियों को आश्रय छिन्न-भिन्न होने का दुःख क्यों नहीं होता?
(a) आज़ाद रहेंगे तो आश्रय दूसरा बना लेंगे
(b) उन्हें आश्रय की आवश्यकता नहीं है
(c) मनुष्य उसके लिए आश्रय बनाएगा
(d) वह दूसरे पक्षियों के घोंसले में रह लेगा

▼ Answer

Answer: (a) आज़ाद रहेंगे तो आश्रय दूसरा बना लेंगे